डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 05 अप्रैल, बुधवार, 2023







# कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जून खड़गे जी की अध्यक्षता में कर्नाटक चुनाव के तहत कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक






अडानी को लाखों करोड़ का कोयला खनन का ठेका मिला तो सिर्फ 2 कंपनियों ने बोली लगाई, पहली कंपनी अडानी की और दूसरी भी उन्हीं से जुड़ी हुई। यह दूसरी कंपनी कैविल माइनिंग, एडिकार्प इंटरप्राइजेज नाम की अन्य कंपनी की प्रमोटर है, जिसपर अडानी की कंपनी के साथ मिलकर जालसाजी करने का आरोप है। कैविल माइनिंग और एडिकार्प इंटरप्राइजेज गुजरात में एक ही पते पर रजिस्टर्ड हैं और इनका प्रमोटर अडानी का पुराना मित्र है। क्या यह बोली सिर्फ दिखावे के लिए लगाई गई? क्या सरकार जानबूझ कर अडानी को घोटाले करने दे रही है? क्या इस देश में और खनन कंपनियां नहीं थीं जो बोली लगाने में शामिल होतीं? क्या मित्रकाल में प्रधानमंत्री के मित्र को लूट की छूट मिली हुई है? प्रधानमंत्री जी के मित्र के रोज नये-नये घोटाले सामने आ रहे हैं और वे खुद भ्रष्टाचार पर बनावटी प्रवचन दे रहे हैं। आखिर अडानी मामले पर जांच क्यों नहीं करा रहे प्रधानमंत्री जी?

# जय भारत सत्याग्रह के सफलता के लिए कांग्रेस के जिलाध्यक्षों और प्रभारियों बैठक सम्पन्न




पटना। कांग्रेस दर्पण

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने केंद्र की निरंकुश सरकार के खिलाफ छेड़े गए अपने 'जय भारत सत्याग्रह' को लेकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाक़त आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ज़िला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों और ज़िला प्रभारियों की अहम बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी भक्तचरण दास ने बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलों से लेकर प्रखंडों तक में केंद्र की निरंकुश मोदी सरकार के कुकर्मों और अडानी से दोस्ती के नाम पर देश के आम लोगों की गाढ़ी कमाई को लुटाने के वजह को आम जनता के बीच ले जाने का काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने अडानी को दिए जा रहे आर्थिक लाभ के खिलाफ लगातार संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग सदन में की जिससे बौखलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हड़बड़ी में उनपर दमनात्मक कार्रवाई की और संसद सदस्यता छिन लिया। इस बात को आम जनता तक पहुंचाना है कि कैसे केंद्र सरकार अडानी से रिश्तों को छिपाने में अपनी ताकत लगा रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने जय भारत सत्याग्रह को लेकर सभी कांग्रेसजनों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि वक्त आ गया है जब केंद्र की निरंकुश सत्ता के काले कारनामों को आम जनता के बीच ले जाकर मजबूती से हमें रखना होगा। इसके लिए सभी जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारियों को आने कार्यक्षेत्र में मजबूती से आम जनता के बीच उतरना होगा। बिहार कांग्रेस के सह प्रभारी अजय कपूर ने जय भारत सत्याग्रह को केंद्र सरकार के लिए अंतिम चेतावनी बताते हुए कहा कि देश के वर्तमान दौर में लोकतंत्र की हत्या करने वाली यह सरकार पूरी तरीके से सत्ता पाकर अंधी हो चुकी है। मंच का संचालन प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी ने किया। इस बैठक में बिहार कांग्रेस के प्रभारी भक्त चरण दास, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा० मदन मोहन झा,पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव एवं बिहार प्रभारी अजय कपूर,तौकीर आलम, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक,अवधेश कुमार सिंह, विधायक विजय शंकर दूबे, विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा, डा० समीर कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, कौकब कादरी, पूर्व विधायक नरेन्द्र कुमार, डा० ज्योति, बंटी चौधरी, अमित कुमार टुन्ना, भावना झा, ब्रजेश पाण्डेय, निर्मल वर्मा, कपिलदेव प्रसाद यादव, प्रवीण सिंह कुशवाहा, नागेन्द्र कुमार विकल, पूनम पासवान,मनोज कुमार सिंह, आलोक हर्ष, मिन्नत रहमानी, जय प्रकाश चौधरी, अजय कुमार चौधरी, कैलाश पाल, अभय कुमार सार्जन, राज किशोर सिंह,अश्विनी कुमार, आई०पी०गुप्ता, जाकिर हुसैन, शशि भूषण राय सहित जिला अध्यक्ष मौजूद थे।

राजेश राठौड
चेयरमैन, मीडिया विभाग
बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी





# बलिया कांग्रेस ने पद यात्रा कर की जय भारत सत्याग्रह आंदोलन

पटना । कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर आज बलिया मे कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ ने बिधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रतियासी सह बलिया पिसीसी अध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व मे जुलुस निकालकर जय भारत सत्याग्रह आंदोलन क्या कार्यकर्त्ताओ ने कांग्रेस भवन से जुलुस के साथ पटेल चौक बलिया तक पद यात्रा की एवं वहा स्वतन्त्रता सेनानी देश के पहले गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन क्या इस नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस के बरिष्ठ नेता सदस्य बिहार कांग्रेस कमिटी संजय सिंह ने कहा की आज हमारे नेता राहुल गाँधी जिन्होंने ने तानाशाह मोदी सरकार के अत्याचार का बिरोध क्या तो उनको एक साजिस के तहत झूठी केस मे फसाकर सांसद की सदस्यता खत्म करवा दी कांग्रेस हमेशा देश बचाने के लिए संघर्ष क्या है और आगे भी करती रहेगी कांग्रेस जब अग्रेज के सामने नहीं झुकी तो फिर इसके सामने क्या झुकेगी बलिया पिसीसी अध्यक्ष राकेश सिंह अंजाम जो भी हो संघर्ष जारी रहेगा




इससे पूर्व कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस भवन मे एक प्रेसबार्ता का भी आयोजन क्या जहाँ पत्रकारो को सम्बोधित करते हुए कहा की अडानी के कम्पनी मे 20 हजार करोड़ कहा से आए प्रधानमंत्री मोदी का अडानी से क्या रिस्ता है इसकी जांच स्वतंत्र एजेंसी से होनी चाहिए आज के कांग्रेस के कार्यक्रम मे जिला सोसल मिडिया अध्यक्ष कुशमेश कुमार सिंह मोहित सिंह नगर कांग्रेस अध्यक्ष मो॰ तारिक़ साहेबपुर कमाल अध्यक्ष रेणु देवी एस कमाल प्रभारी मो॰ इरशाद आलम जिला महासचिव अमित यादव महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू देवी मिथलेश सिंह मो सोहेल नवीन सिन्हा बाकिदअली मनीष झा अबुलास मो॰ नवावओम प्रकास पोद्दार जीतेन्द्र झा चुनचुन यादव जयजयराम चौधरी फरोगुर रहमान प्रेम कुमार मिश्र मो॰ शाहिद धर्मदेव चौधरी गंगा महतो चंद्रशेखर पासवान रविंद्र चौधरी अरुण गाँधी मो॰ साहिन मो दानिश सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्त्ता ने भाग लिया

# यूवा कांग्रेस चलाएगी पोस्ट कार्ड अभियान, जवाब दो मोदी जीः आचार्य अशवनी शर्मा

पटना । कांग्रेस दर्पण

शामली मे कांग्रेस के केंप कार्यालय पर यूवा कांग्रेस का जवाब दो मोदी! कार्यक्रम के तहत भारत के प्रधानमंत्री के नाम पोस्ट कार्ड जारी किये गए।यूथ कांग्रेस द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पोस्ट कार्ड जारी करते हुए उनसे अडानी से संबंधित सवालों का जवाब देने के लिए चुप्पी तोडते हुए जवाब देने की अपील की गई। कांग्रेसियों ने पोस्ट कार्ड जारी करते हुए बताया कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एक अभियान के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री से अडानी को लेकर जवाब चाहते हैं। पोस्ट कार्ड के माध्यम से प्रिय प्रधानमंत्री मोदी कृपया हमें बताने का कष्ट करें क्योंकि हमारे निर्वाचित प्रतिनिधि सदन में यह प्रशन नहीं पूछ सकते हैं इसिलए हम आपसे सीधे यह पूछ रहे हैं अडानी ने अब तक बीजेपी को कितने करोड़ का फंड दिया है। आपके अधिकारीक विदेशी दौरो के बाद अडानी को कितने ठेके मिले कृपया हमें भी वह सूत्र बताए जिसकी बदौलत आपका प्रिय मित्र दुनिया में 609 वे स्थान से 8 वर्षों में दूसरा सबसे धनी व्यक्ति बना गया। उस सांसद की ओर से जो अब सांसद तो नहीं है लेकिन एक मतदाता एवं इस देश के जिम्मेदार व्यक्ति है उनके द्वारा संसद मे पूछे गए सवालों के जवाब हर हाल में देना होगा। यूवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा ने बताया कि यूवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी.जी, प्रदेश अध्यक्ष श्री ओमवीर यादव जी के दिशा निर्देश पर जवाब दो मोदी जी अभियान का




आगाज किया गया है। आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर यूवा कांग्रेस द्वारा प्रेष वार्ता कार्यक्रम चलाया गया है। चूंकि मिडिया देश का चौथा सतंभ है ।इसिलए मीडिया के माध्यम से कांग्रेसजन जनता के बीच अपनी आवाज को पहुंचाने के लिए तत्पर हैं।कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी की संसद सदस्यता रद्द करने से आवाम की आवाज दब नहीं सकती। सरकार को आज नहीं तो कल सरकार को बताना पडेगा कि 20 हजार करोड़ रुपया कहाँ से आया है।वर्तमान सरकार देश की सरकारी सम्पत्तियों को अडानी के हाथों बेच रही है। सरकारी संस्थानों का निजीकरण किया जा रहा है। सरकार को किसान मजदूर की फिक्रनहीं है। यूवा जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गोल्डी ने बताया कि इस पोस्टकार्ड अभियान में सवाल पूछने वाले व्यक्ति का नाम मोबाइल नंबर व हस्ताक्षर भी होंगे ।यूवा कांग्रेस इस पोस्ट कार्ड अभियान को मजबूती के साथ चलायेगी। चाहे कुछ भी हो जाये अडानी पर सरकार को जवाब देना होगा।इस मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सैनी, यूवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा, महिपाल शर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी, ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर चौधरी, यूवा जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गोल्डी, रमेश मराठा, धीरज उपाध्याय,महावीर सैनी, मुबारिक अली,अरुण झंझोट, शुभम अत्रि,यश शर्मा,रुपक , विनोद सैन आदि मौजूद रहे।

# मोदी सरनेमवालों को पिछड़ा बताकर भाजपा ने अपमानित किया है !

पटना । कांग्रेस दर्पण

## आरक्षण से वंचित करने हेतु भाजपा सरकार द्वारा निजीकरण का खेल

आडानी प्रकरण से जनता का ध्यान भटकाने के लिए राहुल गाँधी का वह वक्तव्य, जिसे लेकर सुरत कोर्ट में मुकदमा चला और उन्हें सजा हो गयी, को भारतीय जनता पार्टी पिछड़े वर्ग का अपमान और विरोध के रुप में प्रचारित कर रही है, जो पूर्णतः बनावटी और मिथ्या है।देश का हजारों करोड़ धनराशि लेकर विदेश भागनेवालों को बीजेपी पिछड़ा बताकर राहुल गाँधी को पिछड़ा विरोधी सिद्ध करने की चेष्टा कर रही है।चोर चाहे पिछड़ा हो या अगड़ा, चोर चोर होता हैं और चोर को चोर कहने में कोई ऐतराज नहीं होनी चाहिये।

हालांकि, देश का धन लेकर विदेश भागनेवाले मेहुल चौकसी, विजय माल्या, ललित मोदी, नीरव मोदी आदि सभी के सभी अगड़ा है, पिछड़ा नहीं।नीरव मोदी, मेहुल चौकसी गुजराती जैन बनिया है, ललित मोदी मारवाड़ी अग्रवाल बनिया है, विजय माल्या भी जैन बनिया है।ये सभी वहाँ सवर्ण समुदाय में आते हैं, पिछड़ा समुदाय में नहीं।पीएम नरेंद्र मोदी बनावटी पिछड़ा हैं।मोदीजी घाँची समुदाय से आते हैं, जो गुजरात में 2002 से पहले सवर्ण समुदाय में थे और 2002 में मोदीजी जब गुजरात के मुख्यमंत्री हुए तो घाँची को पिछड़े समुदाय में शामिल कर लिये।

भाजपा का यह आरोप कि 'मोदी' सरनेम वाले पिछड़े समुदाय में आते हैं, जिन्हें राहुल गाँधी ने अपमानित किया है, सरासर झूठ और कोरा बकवास है।उदाहरणस्वरुप, भगोड़ा नीरव मोदी गुजरती जैन बनिया, भगोड़ा ललित मोदी मरवाड़ी बनिया, बैडमिंटन खिलाड़ी दिवंगत सैयद मोदी मुसलमान, उत्तरप्रदेश का राज्यपाल रहे एच पी मोदी, स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रहे पिलू मोदी, टाटा समूह के उद्योगपति रुसी मोदी, फिल्म निर्माता-निर्देशक सोहराब मोदी, ये सभी पारसी समुदाय से हैं और सभी सवर्ण वर्ग में आते हैं।पीएम नरेंद्र मोदी घाँची समुदाय( बनावटी पिछड़ा वर्ग 2002 से )और बिहार के भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी बनिया समुदाय से पिछड़ा वर्ग में आते हैं।मोदी सरनेम के अधिकांश जाति सवर्ण और कम पिछड़ा वर्ग में आते हैं तथा जो मोदी सरनेम के भगोड़ा हैं, वे सभी अगड़ा हैं।यानी मोदी सरनेम के लोग विभिन्न वर्ग से आते हैं।इससे स्पष्ट है मोदी सरनेम वाले को सिर्फ पिछड़ा बताकर भाजपा उन्हें अपमानित कर रही है।

भाजपा और पिछड़े वर्ग का हितैषी !यह आश्चर्य और अटपटा लगता है।क्योकि भाजपा का प्रादुर्भाव ही हुआ-पिछड़ा वर्ग के विरोध में।प्रादुर्भावित होने के 09 वर्ष बाद 1989 में तत्कालीन पीएम वी पी सिंह ने पिछड़े वर्ग को नौकरियों एवं शैक्षणिक संस्थानों में 27 फीसदी आरक्षण देने हेतु मंडल कमिशन का रिपोर्ट लागू करने की घोषणा की।घोषणा होते ही भाजपा आग-बबुला हो गयी और बिना देर किये सरकार से समर्थन वापस ले लिया तथा वी पी सिंह की सरकार गिर गयी। देश भर में उनके द्वारा ऐसा तांडव मचाया गया कि लोग तो परेशान हुए ही, तोड़-फोड़ और आगजनी के कारण सरकार को अरबों का नुकसान उठाना पड़ा।पी वी नरसिंह राव के नेतृत्व में जब 1991 में काँग्रेस की सरकार सत्ता में आयी तो घोषित मंडल कमिशन को अधिसूचित कर दिया।अधिसूचित होते ही वे सर्वोच्च न्यायालय के शरण में चले गये।हालांकि न्यायालय ने कुछ शर्तों( क्रीमी लेयर ) के साथ पिछड़े वर्ग का आरक्षण लागू करने का निर्देश दिया और लागू हुआ।

मौजूदा काल में देश में भाजपा की सरकार है और यह सरकार आरक्षण रोकने के उदेश्य से देश के सार्वजनिक संस्थाओं तथा उद्योगों का निजीकरण कर रही है। निजी संस्थाओं में आरक्षण का लाभ नहीं मिलता है।यूपी में भी भाजप की सरकार है।वहाँ आरक्षण को रोकने के लिये रोस्टर सिस्टम लागू किया गया है।रोस्टर सिस्टम लागू होने से कभी भी आरक्षण का लाभ नहीं मिल सकता है।यानी आरक्षण से वंचित कर पिछड़ों का 'हितैषी' बन रही है भाजपा !

काँग्रेस पार्टी हमेशा 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय'तथा धर्मनिरपेक्षता की मार्ग पर चलती है।काँग्रेस ने ही भारतीय संविधान में पिछड़ों और अनुसूचित जाति-जनजाति के लिये आरक्षण का व्यवस्था दिया और उत्तरोतर लागू किया।पार्टी में या सरकार में काँग्रेस को जहाँ मौका मिला पिछड़ों को उचित सम्मान दिया, पद और प्रतिष्ठा दिया तथा आगे भी देती रहेगी।गत चुनावों में काँग्रेस पार्टी राजस्थान, मध्यप्रदेश और छतीसगढ़ में सत्ता में आयी तो तीनों राज्य के मुख्यमंत्री पिछड़े वर्ग से ही बनाये गये।इससे ज्यादा पुख्ता प्रमाण और क्या हो सकता है?

भारतीय जनता पार्टी झूठ के बोझ तले ऐसे दब गयी है कि, शायद भविष्य में उस बोझ से उबरने का मौका न मिले।

**रमाकान्त सिंह( पूर्व काँग्रेस प्रत्याशी ),**
**प्रतिनिधि-बिहार प्रदेश काँग्रेस पटना,**
**उपाध्यक्ष-जिला काँग्रेस सिवान।**
**मो.9934684829.**





रीवा #सेमरियाविधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मनकहरी में आत्मीय जनों से मुलाकात कर उनका हाल चाल लिया एवं आगामी चुनाव में पुनः प्रदेश में कमलनाथ जी के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया ।



पूर्व नेता प्रतिपक्ष व 'चकराता' विधायक श्री प्रीतम सिंह जी ने आज वरिष्ठ पत्रकार श्री अर्जुन सिंह बिष्ट जी के देहरादून स्थित आवास पहुंचकर उनके पूज्य पिता जी के निधन पर शोक सांत्वनायें व्यक्त की।

# बाबू जगजीवन राम का अपमान बर्दाश्त नहीं

पटना । कांग्रेस दर्पण

बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना बीजे आरसीवाई का नाम बदलने के केंद्र के फैसले के विरोध में बिहार के सासाराम वासियों ने कमर कसी तब जाकर बिहार के तय दो दौरे में सासाराम का दौरा अमित शाह को कैंसिल करना पड़ा। बहाना राम नवमी के अवसर पर धारा 144 का लगाया गया जो निहायत झूठ था। विदित हो नरेंद्र मोदी सरकार ने न केवल केंद्र सरकार की दो अन्य योजनाओं प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना पीएमएजेवाई और अनुसूचित जाति उपयोजना एससीसीए से एससीएसपी के लिए विशेष केंद्रीय सहायता के साथ बीजेआरसीवाई का विलय किया, बल्कि नाम भी बदल दिया। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना पीएमएजेवाई के रूप में योजना।

केंद्र ने वित्त वर्ष 2021-22 में पीएमएजेवाई के तहत फुल बजटीय आवंटन में 160 करोड़ की कमी की है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता के नाते पूर्व प्रधानमंत्री काँग्रेस नेता बाबू जगजीवन राम का अपमान बर्दाश्त





नहीं करूंगा। और इसे कांग्रेस के हरेक कार्यक्रम में जनमानस के बीच उठाऊंगा। बिहार सरकार ने 2022-23 में पीएमजेवाई के तहत अनुदान के लिए केंद्र को 5,513 परियोजनाओं की एक सूची भेजी थी जिसे स्वीकारने के बजाए दलित नेता बाबू जगजीवन राम का नाम ही हटा दिया गया। भाजपा नफरत की राजनीति में विश्वास करती है। विकास की राजनीति में नहीं। 15-20 साल पहले प्रेम का कारण होता था रामनवमी त्योहार एक दूसरे से मिलने का कारण था। एक महीने से लोग त्यौहार की तैयारी करते थे।त्योहार में लोग अपने परिवार को लेकर चलते थे। भाजपा की बात करते हैं वह सिर्फ हिंदू-हिंदू रटकर उसे बलि का बकरा बनाता है। दलितों से भेदभाव भाजपा के जेहन में है।सवर्णों को भाजपाई फोबिया हो गया है, लेकिन वास्तविकता है कि वो किसी का सगा नही।हर किसी को ठगा जरूर। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के लोग भाजपा के हथकंडे बने हुए हैं। जो पर्व त्योहार के अवसर पर लोगों को भड़काने का काम करते हैं।

केंद्र के गृह मंत्री नवादा के दौरे पर काँग्रेस-जदयू- राजद का मजाक उड़ाते हुए बिहार वासियों को बांटने का भाषण करते रहे। जबकि उन्हें नवादा में 2006 से प्रस्तावित 22,400 करोड़ की लागत से नवादा जिले के रजौली में 1340 मेगावाट क्षमता वाली परमाणु बिजली संयंत्र लगाने की योजना पर भाषण देना चाहिए था। वर्ष 2007 में केंद्रीय टीम ने रजौली का दौरा कर भूमि का निरीक्षण किया। 2013 में केंद्रीय टीम ने एक बार फिर रजौली का दौरा कर क्षेत्र में परमाणु संयंत्र चलाने के लिए लगाने के लिए पानी की कमी का जिक्र किया। जिसे बिहार सरकार ने फुलवरिया के पास डैम से परमाणु बिजली चलाने की बात दोहराई। सब कुछ तय था केंद्र सरकार को रजौली परमाणु संयंत्र के लिए प्रति घंटे 12,785 क्यूबिक मीटर पानी आपूर्ति का प्रबंध बिहार सरकार ने कर रखा था। पानी आपूर्ति के लिए संयंत्र केंद्र तक पाइप लाइन भी बिछाना प्रारंभ कर दिया गया था। लेकिन केंद्रीय जल आयोग ने यह अनुमति 2014-15 के बाद नहीं दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने जल की उपलब्धता का वादा किए जाने को संज्ञान में नहीं लिया। और देश की संसद को गुमराह करते रहा। केंद्रीय गृह मंत्री को परमाणु संयंत्र लगाने की घोषणा करनी चाहिए थी। लेकिन वह नाम लिए बिना कांग्रेस के सम्मानित नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए छोटे कोर्ट के फैसले का जिक्रकरते हुए उनका मजाक उड़ाने में समय बर्बाद क्या हद तो तब हो गया जब सीएम नीतीश कुमार की इशारा करते हुए शाह बोल दिए जेडीयू के आधे सांसद मेरे सम्पर्क में, 2024 में भाजपा की सरकार बनेगी। उसी मंच से एक और बड़बोलेपन के शिकार मंत्री जी बोल पड़े संविधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन करते हुए हिंदुओं की ओर इशारा करते हुए तुम जवाब दो (मुसलमानों को) केंद्र सरकार साथ खड़ी है.....

**.......रणजीत कुमार मुखिया जी, पूर्व जिला सचिव बेगूसराय काँग्रेस कमिटी।**

# राहुल गांधी के साथ आज देश का हर नागरिक खड़ा हैः कांग्रेस

पटना । कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवम् बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देशन में लगातार चल रहे जय भारत सत्याग्रह आंदोलन कार्यक्रम के तहत आज गया रेलवे स्टेशन परिसर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, घोटाला, सहित विपक्ष की आवाज दबाने, राहुल गांधी जी की लोकसभा से आनन, फानन में सदस्यता समाप्त करने आदि मुद्दो पर नारेबाजी करते हुए केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद किया।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम में पूर्व विधायक मो खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश महासचिव सह गया जिला प्रभारी अमरजीत कुमार, टिंकू गिरी, सोमनाथ पासवान, बुद्धू राम, सूर्यकांत त्रिपाठी, उदय शंकर पालित, सूबेदार राम, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय, कांग्रेस व्यवसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बबलू कुमार, विश्वास चौधरी, चरण सिंह, आदि ने कहा की आज देश काफी नाजुक दौर से गुजर रहा है, सत्ता में बैठे लोग मनमानी पर उतारू है, सभी संवैधानिक संस्थानों को पालतू तोता बना कर विपक्षी दलों के नेताओ, कार्यकर्ताओं को




प्रताड़ित कर रहे है। नेताओ ने कहा राहुल गांधी शुरू से मोदी सरकार के गलत नीतियों का बिना डर, भय के विरोध कर रहे है, आज उनकी सदस्यता समाप्त होने से आक्रोशित देश के एक, एक नागरिक उनके साथ है। नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी नित्य दिन शांतिपूर्ण तरीके से सार्वजनिक स्थलों पर आंदोलन कर जन जागरण करने का काम करते रहेगी।

भवदीय

विजय कुमार मिठू

# रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुए पूर्व मंत्री बेनीवाल, सभी ने अमन चैन की मांगी दुआ



पटना। कांग्रेस दर्पण

लूणकरणसर 4 अप्रैल। माहे रमजान में मंगलवार को पूर्व मन्त्री वीरेन्द्र बेनीवाल के नेतृत्व में 12 वे रोजे के अवसर पर नूरी मस्जिद वार्ड नंबर 32 में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया प्रदेश भर में अमन चैन की दुआ मांगी गई. इसी के साथ ही गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया हिंदू मुस्लिम भाइयों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया इफ्तार पार्टी में मुसलमान समाज के बड़े बुजुर्ग नौजवान और बच्चों ने शिरकत की बकरीब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया. इस मौके पर पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल ने कहा कि हमारे देश में सभी धर्म और जातियों के लोग समान अधिकार के साथ समान भाव से रहते हैं यही हमारे देश की खूबसूरती है सभी धर्मों के लोग सम्मान और देश की तरक्की में अपना योगदान देते हैं.

इस मौके पर लूणकरणसर उपसरपंच गणेशराम मेघवाल जामा मस्जिद के पूर्व सदर रमजान चौहान, नूरी मस्जिद के सदर जानू खां, अलीशेर खां, शोकत खां, पूर्व उपप्रधान अजय गौड़ गोटा एसोसिएशन अध्यक्ष हरि लेघा समाजसेवी कपिल गौड़ डीएमएफटी सदस्य अमजद हुसैन सद्दाम कुरैशी निर्मल दुग्गड पूर्व उपसरपंच दीनदयाल मुद्गल ब्लॉक कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष अनिल स्वामी अलीशेर तुफैल चौहान मनीर खा तेली फारुख शाह मौलाना फारूक सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति

राजस्थान सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, ने राज्यमंत्री राजस्थान धरोहर प्राधिकरण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाड़ावत की अनुशंसा पर चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेतावल गढ़ पाछली के केलझर खेड़ा में विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।

सबल ग्राम विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराये जाने वाले विकास कार्यों में चित्तोडगढ़ से नेतावलगढ़ पाछली केलझर खेड़ा केलझर महादेव बोर निर्माण कार्य के लिए 1.50 लाख, नेतावलगढ पाछली केलझर खेड़ा में ही सार्वजनिक शौचालय केलझर महादेव रोड पर 3.50 लाख, केलझर खेड़ा में सीसी रोड मय नाली निर्माण कार्य मेनरोड प्रतिक्षालय से शंकर गुर्जर के प्लाट तक केलझर खेड़ा 5 लाख रुपए मंजूर हुए है।

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का 07 अप्रैल को होने वाला चित्तौड़गढ़ का प्रस्तावित दौरा स्थगित

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का चित्तौड़गढ़ में जय भारत सत्याग्रह के कार्यक्रम में चित्तौड़गढ़ के इंदिरा गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय सभा के साथ शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम 07 अप्रैल को प्रदेश प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित हुआ है।

राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण बोर्ड सुरेन्द्र सिंह जाडावत ने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हल्के लक्षणों के साथ कोविड से संक्रमित होने से एवं डॉक्टरों की सलाह के अनुसार अगले कुछ दिन निवास से ही कार्य जारी रखने एवं कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए चित्तौड़गढ़ का प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित हुआ है। उन्होंने पार्टी के जनप्रतिनिधी एवं कार्यकर्तागण से मुख्यमंत्री की प्रस्तावित यात्रा की नई तिथि को लेकर अपनी तैयारिया जारी रखने के निर्देश दिए है।

# विकास पुरुष प्रदेश अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी का होगा आगमन



पटना। कांग्रेस दर्पण

5 अप्रैल को बनखेड़ी में प्रदेश के भावी मुख्यमंत्री विकास पुरुष प्रदेश अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी का आगमन हो रहा है। जिला प्रभारी माननीय संजय शर्मा जी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव मनीष राय जी जिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराज पटेल जी जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती संध्या शाह जी ने बनखेड़ी पहुंचकर सभा स्थल का जायजा लिया साथ में सभी ब्लॉक अध्यक्ष क्षेत्र के वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।

# कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता एवं जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ताओं की आवश्यक बैठक



पटना। कांग्रेस दर्पण

इंदौर शहर कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया सलाहकार श्री पियूष बवेले जी, प्रदेश मीडिया विभाग अध्यक्ष श्री के. के मिश्रा जी ने इंदौर संभागीय प्रवक्ताओं तथा शहर कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता एवं जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ताओं की आवश्यक बैठक ली।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता श्री संतोष गौतम जी, संभागीय प्रवक्ता श्री आनंद कासलीवाल जी, शहर कांग्रेस प्रवक्ता श्री घनश्याम जोशी जी, श्री विवेक खंडेलवाल जी, श्री अमित चौरसिया जी, श्री सन्नी राजपाल जी, इंदौर संगठन प्रभारी श्री देवेंद्र यादव जी, श्री द्वारकाप्रसाद चौबे जी, श्री राजकुमार जाधव जी भी उपस्थित रहे।

# राजस्थान देश का पहला राज्य रहा जहां अधिवक्ता संरक्षण विधेयक पारित हुआ

आज दिनांक 4 अप्रैल 2023 को धनबाद बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष,वरिष्ठ अधिवक्ता सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने राजस्थान सरकार को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान देश का पहला राज्य रहा जहां अधिवक्ता संरक्षण विधेयक पारित हुआ है,उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी से मांग किया है कि झारखंड राज्य में भी इसी तरह एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अविलंब पास कराकर इस कानून को जल्द से जल्द लागू कराया जाए ताकि झारखण्ड में भी अधिवक्ता सुरक्षित रह सके और कानून अपना काम करता रहेगा।

आगे श्री सिंह ने कहा कि झारखंड में भी आए दिन अधिवक्ताओं के साथ फ्री अपराधियों के द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाना तथा हाथापाई तक की सूचना मिली है यह बहुत ही निंदनीय व दुर्भाग्यपूर्ण है,कोई भी अधिवक्ता वह सीनियर हो या जूनियर सभी लिटिगेंटस का केवल पक्ष रखता है और न्यायालय द्वारा फैसला सुनाई जाती है साथ साथ झारखंड सरकार से मांग करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह पत्रकारों को सरकार के द्वारा इंश्योरेंस की सुविधा दी गई है वह इंश्योरेंस की सुविधा सभी अधिवक्ताओं को भी दी जाए और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट राजस्थान के तर्ज पर झारखंड में भी एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को अविलंब लागू किया जाए।

ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह
धनबाद बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष
सह
उपाध्यक्ष
झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी



# लोगों को हकीकत समझना होगा- सादिया फिरदौस

पटना।कांग्रेस दर्पण


महंगाई आज भारत की सबसे जटिल समस्याओं में से एक है। और इसकी ज़िम्मेदार भारत के इतिहास की सबसे नाकारा सरकार है। दवाइयों की क़ीमतें इस साल फिर से चुप-चाप 11% से ज़्यादा बढ़ा दी गईं हैं!

हेल्थकेयर और शिक्षा का खर्च आसमान छूता जा रहा है। और ये सारे ज़रूरी खर्चे हैं, आम लोगों के जीवन का अभिन्न अंग हैं। जहां सरकार को इन्हे धीरे धीरे निशुल्क करने की कोशिश करनी चहिए, वहीं वो उसे और महंगा करते जा रहे हैं।

ऊपर से बेरोज़गारी, सुस्त अर्थव्यवस्था के कारण नौकरीपेशा लोगों की आमदनी न बढ़ना, और उसके उपर महंगाई की मार, एटककी किश्तें बढ़ती जा रही हैं, लोन लेकर चुकाना और अपने घर के खर्चे चलाने की जद्दोजहद में हर परिवार की ज़िंदगी फंसी हुई है।

मैं यूं हीं इन्हें 'जेबकतरी सरकार' नहीं कहती आपकी जेब काटी जा रही है, मगर कहीं इस बात की चर्चा नहीं है। न आपके पसंदीदा न्यूज़ चैनल पर, न ही किसी सरकारी घोषणा में। चर्चा हो रही होगी तो बस सांप्रदायिकता की, या फ़रि झूठी कहानियां गढ़ी जा रही होंगी।

यूपीआई ट्रांसफर पर भी सरचार्ज लगेगा, ये कभी आपने सोचा था, जब आपको 'डिजिटल पेमेंट' करने के लिए प्रेरित किया गया था? आप मेहनत कर के कमाएं, सरकार को टैक्स चुकाएं और अब पैसों के लेन देन में भी अलग से पैसे दें।



पेट्रोल-डीज़ल तो महंगा था ही, अब गाड़ियां और टोल टैक्स भी महंगा होगा। संदेश साफ है - गाड़ी लेना चाहे आपकी ज़रूरत हो या ख्वाहिश, दोनों से आंखें मूंद लें। इस सरकार के रहते तो ये मुश्किल है। और ये मुश्किलें दिन प्रति दिन बढ़ती ही जाएंगी।

संसद बंद है तो जाहिर सी बात है कि लोकतंत्र के मंदिर में भी इसपर सवाल जवाब नहीं होगा। मनमाने फैसले ले कर, बिना विपक्ष या जनता से सलाह किए बस थोप देना, मेरे प्यारे भाइयों और बहनों, ये तानाशाही की किताब का पहला पन्ना है।

**सादिया फिरदौस , एक कांग्रेसी कार्यकर्ता**
**बाढ़ पटना**

# सीतामढ़ी जिला के नानपुर प्रखंड में की गई प्रेस वार्ता




बलिया।कांग्रेस दर्पण

नानपुर प्रखंड में प्रेस वार्ता में सम्मलित कांग्रेस जनों का नामः- मुख़्तार आलम पूर्व उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सीतामढ़ी, मोहम्मद नसीम खान प्रखंड अध्यक्ष, सुन्द्रम पाठक युवा कांग्रेस बाजपट्टी विधानसभा अध्यक्ष, मोहम्मद इरशाद राजा, ललन कुमार झा, मोहम्मद मेराज, सकलदेव राय, सदरूज्जमां खां, मोहम्मद नूसरत, फ़ैसल रहमान, सदरे कुरैशी इत्यादि लोग मौजूद थे। सभी लोग आम जनों और किसान मजदूरों की समस्याओं को उन्हें जो ठगा जा रहा है उन्हें उस बातों से अवगत करवाया और यह तानाशाह किन-किन तरीकों से लोगों को ठगने की यह कोशिश की जा रही है और कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है इस को लेकर किसान मजदूर सभी से अवगत करवाया और सभी लोगों ने अपनी अपनी राय रखी और राहुल गांधी के साथ जो हुआ वह गलत है और गलत के विरोध में आम जनों को जगाना है मुख्य उद्देश्य और लोगों को एकत्रित कर 2024 में इस तानाशाह सरकार को सबक सिखाना है



**कांग्रेस शहर सेवा दल के पूर्व शहर अध्यक्ष रहे शैलेंद्र अग्रवाल जी को अजमेर शहर (ब्लॉक ब) का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। शैलेंद्र अग्रवाल को ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। और बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान सोशल मीडिया विभाग शहर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर अध्यक्ष पीयूष सुराणा,पूर्व वार्ड 3/4 अध्यक्ष जितेंद्र कुमार चौधरी,निशक्तजन प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव महेंद्र कुमार जोशी,चंद्रप्रकाश चौरसिया,गुरप्रीत सिंह,श्रेयांस सुराणा,रवि कुमार,इकबाल खान,रहे मौजूद।सभी ने शैलेंद्र अग्रवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और माला पहनाकर फूलो का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।**

# चमत्कारिक व्यक्तित्व


# बाबू जगजीवन राम, लोकसमता के अग्रदूत

बलिया ।कांग्रेस दर्पण

☆ मिथिला विश्वविद्यालय के उप परीक्षा नियंत्रक द्वितीय सह विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मनोज कुमार द्वारा लिखित आलेखः-

- भारत के चोटी के विचारक, भविष्यदृष्टा और ऋषि राजनेता के रूप में जाने जाते हैं बाबू जगजीवन राम।
- पदोन्नति में आरक्षण की शुरुआत, छुआछूत व अनुसूचित जातियों के लिए देश के सभी प्रमुख मंदिरों के बंद द्वार खोलने में बाबू जगजीवन राम की सबसे अग्रणी भूमिका।
- सिर्फ दलितों के हितों में ही नहीं वरन् राष्ट्रीय हितों में भी जगजीवन राम के नाम हैं तमाम उपलब्धियां।





जी हाँ यकीनन,

तुल न सके धरती धन धाम।
धन्य तुम्हारा पावन नाम।।
लेकर तुम सा लक्ष्य ललाम।
सफल काम जगजीवन राम।।

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की देश के विख्यात राजनेता जगजीवन राम के बारे में कही गयी ये पंक्तियां उनके व्यक्तित्व का प्रतिबिंब हैं। भारतीय राजनीति के कई शीर्ष पदों पर आसीन रहे जगजीवन राम न सिर्फ एक स्वतंत्रता सेनानी, कुशल राजनीतिज्ञ, सक्षम मंत्री एवं योग्य प्रशासक रहे वरन् एक कुशल संगठनकर्ता, सामाजिक विचारक व ओजस्वी वक्ता भी थे। हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, बंग्ला व भोजपुरी में उनकी धाराप्रवाह ओजमयी वाणी और विचारों को सुनने के लिए लोग उमड़ पड़ते और अपनी वाकपटुता से वे संसद में भी लोगों को निरुत्तर कर देते। डॉ. अंबेडकर ने जगजीवन राम के बारे में कहा था-'बाबू जगजीवन राम भारत के चोटी के विचारक, भविष्यदृष्टा और ऋषि राजनेता हैं जो सबके कल्याण की सोचते हैं।' जगजीवन राम ने आरंभ से ही समाज के पददलित लोगों के अधिकार और सम्मान के लिए अथक संघर्ष किया।

बाबू जगजीवन राम ने मंत्रिमंडल में रहने के दौरान पदोन्नति में आरक्षण आरंभ करवाया तो अनुसूचित जातियों के लिए देश के सभी प्रमुख मंदिरों के बंद द्वार भी उन्हीं के प्रयासों से खुल गये। सन् 1955 में छुआछूत मिटाने के लिए भी उन्होंने कानून बनवाया। सिर्फ दलितों के हितों में ही नहीं वरन् राष्ट्रीय हितों में भी जगजीवन राम के नाम तमाम उपलब्धियां हैं। चाहे वह वर्ष 1953 में निजी विमान सेवाओं का राष्ट्रीयकरण कर इंडियन एयर लाइंस व एयर इंडिया की स्थापना कर भारत में राष्ट्रीयकरण की आधारशिला रखना हो, चाहे कृषि मंत्री के रूप में हरित क्रांति का आगाज़ करके भारत को पहली बार खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना व अनाज का निर्यात आरंभ करवाना हो अथवा रक्षामंत्री के रूप में 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान एक लाख पाकिस्तानी सैनिकों से आत्मसमर्पण करवाकर व बांग्लादेश की स्थापना कर भूगोल बदल देने का फैसला हो। अपनी ऐसी ही कुशल राजनैतिक और असाधारण प्रशासनिक क्षमता की बदौलत जगजीवन राम 31 वर्षों तक केंद्र में कैबिनेट मंत्री व बाद में उपप्रधानमंत्री के पद पर आसीन रहे। बिहार के शाहाबाद जिला के (वर्तमान में भोजपुर जिला) चंदवा ग्राम में 5 अप्रैल 1908 को एक सामान्य परिवार में शोभी राम व वसंती देवी के पुत्र रूप में जगजीवन राम का जन्म हुआ था। छह वर्ष की आयु में ही उनके ऊपर से पिता का साया उठ गया। प्रारंभिक शिक्षा गांव की पाठशाला में हुई, तत्पश्चात आरा के अग्रवाल मिडिल महाजनी स्कूल से शिक्षा पूरी की और 1922 में उन्होंने आरा टाउन स्कूल में प्रवेश लिया। यहां जगजीवन राम को उस समय अस्पृश्यता की दर्दनाक वेदना झेलनी पड़ी, जब उस स्कूल में अछूत जातियों के लिए उन्होंने अलग घड़े से पानी पीने की व्यवस्था देखी। आक्रोशित होकर उन्होंने एक बार नहीं बल्कि तीन बार वह घड़ा फोड़ा। अंततः स्कूल के प्रधानाचार्य ने यह व्यवस्था दी कि जगजीवन भी उसी घड़े से पानी पिएंगे और जिसे एतराज हो, वह अपनी पृथक व्यवस्था स्वयं करे। एक मेधावी छात्र के रूप में जगजीवन प्रत्येक कक्षा में छात्रवृत्ति लेकर पढ़े और वैज्ञानिक बनने का सपना संजोये रहे, परंतु तत्कालीन परिस्थितियों में उन्हें देश की आजादी ज्यादा जरूरी लगी और वे भी स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। बाबू जगजीवन राम का संसदीय जीवन एक विश्व कीर्तिमान है। वर्ष 1932 में वे आरा नगरपालिका के सदस्य बने। 1936 में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान वे बिहार विधान परिषद के सदस्य बने। दिसंबर 1937 में, वे डिप्रेस्ड क्लासेस यूनियन से बिहार विधान सभा में पूर्व मध्य शाहाबाद ग्रामीण क्षेत्र से निर्विरोध चुने गए। इसके साथ ही उन्होंने आरक्षित वर्ग के 14 दलित वर्ग संघ के सदस्यों को विजयी बनाने का काम किया वह भी निर्विरोध। 1946 के चुनाव में कांग्रेस से निर्विरोध निर्वाचित होकर वे केंद्र की अंतरिम सरकार में श्रम मंत्री बने। वायसराय लॉर्ड वावेल के निमंत्रण पर बनी इस अंतरिम सरकार में बिहार से केवल दो मंत्री थे- डॉ. राजेंद्र प्रसाद और बाबू जगजीवन राम।

बाबू जगजीवन राम एक तेज-तर्रार और ऊर्जावान राजनेता थे। एक ही निर्वाचन क्षेत्र (सासाराम) से लगातार आठ बार (पहली से आठवीं लोकसभा, 1952-1984) सांसद चुने जाने का गौरव उनकी प्रतिभा और कार्यकुशलता को सिद्ध करता है। उनकी स्पष्ट दृष्टि से जनता सदैव हतप्रभ रह जाती थी और पाती थी कि वे एक ऐसे कर्मयोगी हैं जो जनसाधारण के कल्याण के लिए पूर्णतः समर्पित हैं; खासकर दलित।

1936 से 1986 तक उनका आधी सदी का कार्यकाल शायद संसदीय इतिहास में एक विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने 1936 में बिहार विधान परिषद के मनोनीत सदस्य के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया और 1979 में उप प्रधान मंत्री के पद तक पहुंचे। जुलाई 1986 में उनकी मृत्यु तक वे राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में एक उज्ज्वल शक्ति बने रहे। चार प्रधानों के साथ काम करते हुए उप प्रधान मंत्री और विभिन्न विभागों के मंत्री के रूप में मंत्री, उन्होंने आम जनता की असाधारण सेवा की। उनमें परिस्थितियों को समझने और त्वरित निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता थी। आम आदमी के उत्थान के लिए उनके द्वारा शुरू किए गए कुछ कार्यक्रम बापू के पोषित लक्ष्य 'हर आँख से आँसू पोंछे' की प्राप्ति में मील का पत्थर साबित हुए हैं। अपने विशिष्ट पदों और सफलताओं के बावजूद, वे बहुत ही विनम्र और जमीन से जुड़े राजनेता थे।

जगजीवन बाबू के योगदानों में जो सबसे महत्वपूर्ण प्रतीत होता है वह यह है कि उनके पास एक नई सामाजिक व्यवस्था की दृष्टि थी, जो भारत के भाग्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बाबू जगजीवन राम ने दलित वर्गों के संरक्षण, समानता और सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत की। उनका जीवन पिछड़ों की पहचान का सकारात्मक वक्तव्य था। उनकी विश्वसनीयता, समर्पण और राजनीतिक क्षमता ने दलित और पिछड़े वर्गों के बीच आत्मविश्वास और उत्साह का संचार किया। उनकी उपलब्धियों को भारत में एक नई सामाजिक व्यवस्था की दिशा में एक उल्लेखनीय प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। 6 जुलाई 1986 को इस महान व्यक्ति का नई दिल्ली के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। 7 जुलाई 1986 को उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक स्थान चंदवा (आरा, बिहार) में हुआ। इसमें भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी सहित देश के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया था।

**नोटः- तस्वीर में बांयी ओर बाबू जगजीवन राम हैं जबकि दांयी ओर लेखक डॉ. मनोज कुमार हैं।**